# 20 करोड़ के निवेश ठगी का पर्दाफाश

## मुख्य सरगना सहित दो आरोपी फरीदाबाद से गिरफ्तार

**मंदसौर 2 जनवरी. निवेशकों से करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ कर मंदसौर पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है.**

पुलिस ने गिरोह के मुख्य सरगना सहित दो आरोपियों को हरियाणा के फरीदाबाद से गिरफ्तार किया है. आरोपी पिछले करीब एक वर्ष से फरार थे और तकनीकी दक्षता के चलते लगातार पुलिस को चकमा दे रहे थे. पुलिस के अनुसार थाना व्हाय.डी. नगर के अपराध क्रमांक 002/25 में दर्ज प्रकरण में अजय राठौर (निवासी मल्हारगढ़) और आदित्य पालीवाल (निवासी पिपलिया मंडी) ने 'क्रोलिक' नामक कंपनी बनाकर चैन सिस्टम के जरिए लोगों को 15 प्रतिशत रिटर्न का लालच दिया. शुरुआती दौर में कुछ निवेशकों को रिटर्न देकर विश्वास जीता गया और बाद में 20 करोड़ रुपये से अधिक की राशि एकत्र कर कंपनी बंद कर आरोपी फरार हो गए. 'मुख्य आरोपी अजय राठौर ने एथिकल हैकिंग का कोर्स किया हुआ था और फरारी के दौरान सिम रहित मोबाइल, प्रॉक्सी नेटवर्क और वर्चुअल लोकेशन जैसी तकनीकों का उपयोग कर रहा था. आरोपियों की गिरफ्तारी पर पुलिस अधीक्षक द्वारा 5-5 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था.



पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार मीणा के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने तकनीकी और मैदानी जांच के आधार पर दोनों आरोपियों को फरीदाबाद से गिरफ्तार किया. आरोपियों के कब्जे से एक लैपटॉप, एप्पल आईपैड, तीन मोबाइल फोन और एक महिंद्रा थार वाहन (कीमत 20 लाख) जब्त किया गया है. गबन की गई राशि, संपत्तियों और अन्य निवेश से जुड़े तथ्यों की जांच जारी है. मंदसौर पुलिस ने आमजन से अपील की है कि किसी भी लालच या बिना जांच-पड़ताल के किसी योजना या कंपनी में निवेश न करें और ठगी से बचने के लिए सतर्क व जागरूक रहें.

## मादक पदार्थ तस्करों को 12-12 साल की कठोर सजा

**सोयतकलां.** पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार सिंह के निर्देशन में जिले में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वालों के विरुद्ध निरंतर कठोर एवं प्रभावी कार्रवाई की जा रही है. वर्ष 2023 में पंजीबद्ध एक प्रकरण में प्रभावी विवेचना एवं सशक्त अभियोजन के परिणामस्वरूप आरोपियों को न्यायालय से सजा दिलाई गई है. जानकारी के अनुसार 10 जुलाई 2023 को थाना सोयतकलां क्षेत्र में मुखबीर सूचना के आधार पर पुलिस द्वारा माचलपुर रोड स्थित राजेन्द्र कारपेंटर की बंद होटल के सामने घेराबंदी कर एक सिंदूरी रंग के ट्रक को रोका गया. तलाशी के दौरान ट्रक के केबिन के ऊपर रखी दो प्लास्टिक की बोरियों से कुल 45 किलोग्राम अवैध मादक पदार्थ गांजा बरामद किया गया.

# दूषित पानी से हुई मौत पर युका का प्रदर्शन

**रीवा, 2 जनवरी, इंदौर में प्रदूषित पानी पीने से 15 लोगों की दर्दनाक मौत के विरोध में शुक्रवार को सिरमौर चौराहे पर युवा कांग्रेस द्वारा विरोध प्रदर्शन कर प्रदेश सरकार के नगरीय प्रशासन मंत्री कैलाश विजयवर्गीय का पुतला दहन कर आक्रोश व्यक्त किया.**

जिला अध्यक्ष अनूप सिंह चंदेल ने कहा कि भाजपा सरकार के मंत्रियों को आम जनता के जीवन और स्वास्थ्य की कोई चिंता नहीं है. यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि हमारे प्रदेश में लोग पानी पीने से जान गंवा रहे हैं. इंदौर, जो पूरे देश में स्वच्छता के लिए प्रथम स्थान पर रहता है, उसी इंदौर शहर में भाजपा सरकार की लापरवाही के कारण पानी की पाइप लाइनों में गंदा और जहरीला पानी सप्लाई किया गया, जिसके कारण निर्दोष नागरिकों की मौत हुई. युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष ने मांग की है कि पूरे मामले जांच कराकर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही की जाय. नही तो प्रदेश भर में आंदोलन होगा. पुतला दहन में प्रदेश महासचिव प्रमोद पटेल, जिला महासचिव नीरज यादव, सद्दाम चौहान, विधानसभा अध्यक्ष रोहित यादव, सेमरिया विधानसभा अध्यक्ष विष्णु सिंह, रायपुर ब्लॉक अध्यक्ष कृष्णकांत विश्वकर्मा, बांकुइयां ब्लॉक अध्यक्ष रवि रावत मौजूद रहे.



# कोर्ट में दोषी पूर्व बीईओ पर कार्रवाई नहीं

### 25 दिन जेल रहा फिर भी निलंबन नहीं हुआ

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जनवरी. भ्रष्टाचार के मामले में दोषी ठहराया गया तत्कालीन विकासखंड शिक्षा अधिकारी रामदास साकेत आज भी सिस्टम की छाया में सुरक्षित है.**

न निलंबन, न बर्खास्तगी, सिर्फ फाइलें और चुप्पी. जिला शिक्षा अधिकारी से भोपाल तक भेजा गया प्रस्ताव तिजोरी में बंद कर दिया गया, मानो न्याय को ही कैद कर लिया गया हो. वेतन नहीं मिल रहा, लेकिन हाजिरी लग रही है, यह कैसा शासन है. सवाल सीधा है, क्या कानून सिर्फ आम जनता के लिए है और भ्रष्ट अफसरों के लिए ढाल अगर दोष सिद्ध होने के बाद भी कार्रवाई नहीं, तो फिर जीरो टॉलरेंस सिर्फ जुमला है. भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस का दावा करने वाली राज्य सरकार की नीयत और नीति पर एक बार फिर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं. अपर सत्र न्यायाधीश, मुख्यालय बैढ़न द्वारा 4 दिसंबर 2024 को तत्कालीन ब्लॉक शिक्षा अधिकारी बैढ़न एवं प्राचार्य हाई स्कूल के तत्कालीन प्रभारी प्राचार्य रामदास साकेत को भादवि संहिता की धारा 420 एवं 409 के तहत दोषी करार देते हुए 30 हजार रूपये अर्थदंड एवं 7 वर्ष के सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई थी.

### मिल चुकी है जमानत

सजा सुनाए जाने के बाद रामदास साकेत करीब 25 दिनों तक जेल में बंद रहा. दिसंबर 2024 के अंतिम सप्ताह में उसे अग्रिम जमानत मिल गई. आमतौर पर ऐसे मामलों में दोष सिद्ध होते ही विभागीय निलंबन स्वतः हो जाता है, लेकिन चौंकाने वाला तथ्य यह है कि जिला शिक्षा कार्यालय सिंगरौली द्वारा रामदास साकेत के विरुद्ध निलंबन एवं अन्य विभागीय कार्रवाई के लिए विधिवत प्रस्ताव बनाकर आयुक्त लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल भेजा था. इसके बावजूद आज तक न कोई आदेश जारी हुआ और न ही कोई स्पष्टीकरण सामने आया.

## युवक ने लगाई फांसी

**रतलाम.** खान बावड़ी क्षेत्र निवासी युवक ने फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली. पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी. जानकारी के अनुसार अजय पिता अजित पाल उम्र 27 वर्ष निवासी चोकझुमझुमी पोस्ट राधाकांतपुर थाना दासपुर जिला मदीनीपुर पश्चिम बंगाल हाल मुकाम खान बावडी ने आत्महत्या कर ली. संतोष पिता निरापद ने दीनदयाल नगर पुलिस को सूचना दी. सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा बनाकर शव को मेडिकल कॉलेज भिजवाया गया. जहां उसका पीएम कर शव परिजनों को सौंपे दिया. पुलिस ने बताया कि आत्महत्या करने के स्पष्ट कारणों का पता नहीं चल पाया है.


# भाजपा मंडल अध्यक्ष की गिरफ्तारी की मांग, नारेबारी की

## 5 जनवरी को घेराव कर आंदोलन करने का अल्टीमेटम

नवभारत न्यूज

**सिंगरौली 2 जनवरी. भारतीय जनता पार्टी मंडल मोरवा के अध्यक्ष विनोद सिंह कुरवंशी की गिरफ्तारी कराने और पार्टी से निष्कासन की मांग को लेकर जिले का सियासी माहौल अचानक गरमा गया है.**

कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष सुंदरलाल शाह को ज्ञापन सौंपते हुए साफ अल्टीमेटम दिया कि 5 जनवरी के पूर्व यदि गिरफ्तारी, अपराध पंजीकरण और संगठनात्मक कार्रवाई नहीं होती, तो 5 जनवरी को एसपी कार्यालय और भाजपा जिला कार्यालय का घेराव किया जाएगा. शुक्रवार को यह मामला सड़कों से लेकर संगठन कार्यालय तक खुलकर सामने आ गया. यहां बताते चले कि 26 दिसम्बर को एनसीएल हेड क्वाटर सिंगरौली के सामने संविदाकार शंकर प्रसाद बैस के पुत्र सत्यनारायण बैस के साथ मण्डल अध्यक्ष विनोद कुरवंशी एवं अन्य उनके आधा दर्जन सहपाठियों ने बेरहमी से मारपीट किया था.



हालांकि बाद में मोरवा पुलिस ने विनोद कुरवंशी समेत 7 लोगों के विरूद्ध बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत अपराध कायम किया है. बैस समाज का कहना है आरोपियों के विरूद्ध गंभीर धाराएं नहीं लगाई. इसी बात को लेकर अभा बैस महासंघ के बैस समाज के सैकड़ों लोग एसपी कार्यालय पहुंचे, जहां उन्होंने ने एसपी के नाम सीएसपी को ज्ञापन सौंप कर कार्रवाई किये जाने की मांग की है. ज्ञापन में कहा कि मामले की गंभीरता के बावजूद अब तक कठोर कानूनी कदम नहीं उठाए गए.

### एक नजर में

## वाटर फिल्टर प्लांट पर लापरवाही

**रतलाम, 2 जनवरी.** शहर में स्वच्छ जल वितरण व्यवस्थाओं की जिम्मेदारी संभालने वाले अधिकारी कितने लापरवाह है इसका उदाहरण मोरवानी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट की लापरवाही उजागर कर रही हैं .यहां कई गंभीर अनियमिताएं चल रही हैं .इसके बाद भी जिम्मेदारों द्वारा निरीक्षण के बाद इसे सुधारने की सूध नहीं ली गई. मोरवानी स्थित वाटर फिल्टर प्लांट पर रजिस्टर में ड्यूटी लिस्ट अनुसार अनुपस्थित कर्मचारी हैं .लेब टेक्नीशियन के पास प्लांट पर आवश्यक सामग्री भी नहीं हैं. प्लांट सफाई के रजिस्टर मेंटेन नहीं किए जा रहे हैं .इसके साथ ही अन्य व्यवस्थाओं पर भी ध्यान नही दिया जा रहा हैं .प्लांट का नियमित निरीक्षण और पेयजल वितरण के पूर्व जांच सहित अन्य आवश्यक जरूरी कार्य नियमित किए जाने चाहिए .लेकिन अधुरी व्यवस्था और लापरवाही से यह संभवन नहीं होता दिख रहा हैं .ऐसे में शहर को स्वच्छ जल वितरण होना संभवन नहीं हैं .इस लिए पूरे शहर में हर तरफ गंदा पानी मिलना और वितरण होने की शिकायत आना लाजमी हैं .इसके बावजूद भी जिम्मेदार इतने लापरवाह है कि कोई सूध नहीं ले रहा और सुधार भी नहीं हो रहा हैं .धन्यवाद कलेक्टर मैडम, आपने शहर की जनता की चिंता करते हुए इस ओर ध्यान दिया .अब इनके निरीक्षण के बाद अब सुधार की उम्मीद जगी हैं .

## 24 घंटे में लूट का आरोपी गिरफ्तार

**सरदारपुर (धार).** फरियादी सुभाष कटारा निवासी सोनगढ सरदारपुर का अपनी पीकअप वाहन से राजगढ से सोनगढ जा रहा था तभी सोनगढ रोड अमोदिया में रोड पर एक बडा पत्थर आने से फरियादी का वाहन असुन्तुलित होकर रोड किनारे पल्टी खा गया उसी समय रोड किनारे से दो व्यक्ति आये व फरियादी को फलिया दिखाकर नगदी 40 हजार लूटकर भाग गये, जिस पर थाना राजगढ पर अपराध पंजीबद्ध की विवेचना में लिया गया. टीम द्वारा लगातार प्रयास कर मात्र 24 घंटे के अन्दर की लूट करने वाले आरोपी भागीरथ पिता रामचन्द्र बामनिया निवासी सोनगढ सरदारपुर को गिरफ्तार कर न्यायालय सरदारपुर पेश कर आरोपी का पीआर लिया गया हैं .

## रांझी को नहीं बनने देंगे रमनगरा, कांग्रेस का प्रदर्शन

**जबलपुर, 2 जनवरी.** अमृत योजना-2 के तहत पाइपलाइन बिछाने का कार्य ग्वारीघाट से रांझी तक में किया जा रहा है जो की बहुत ही विसंगति पूर्ण ढंग से किया जा रहा है। इसी के विरोध में युवा कांग्रेस केंट विधानसमा एवं कांग्रेस पार्षद दल के संयुक्त नेतृत्व में प्रदर्शन किया गया। युवा कांग्रेस केंट अध्यक्ष एडवोकेट सीरम सिंह ने बताया कि ग्वारीघाट से रांझी तक बिछाई जाने वाली पाइपलाइन जहां पर मी यूटिलिटी लाइन आती है, वहां पर लाइन को शिफ्ट कर दिया जाता है जिससे यह लाइन जिक-जैक होकर रांझी पहुंचेगी, जिससे न केवल जल संकट रहेगा बल्कि जो स्थिति रामनगरा में होती है, आए दिन त्योहारों में लाइन टूटती है, यही स्थिति राझी की होगी। जिससे रांझी, गोकलपुर, बिलपुरा, रिछाई आदि क्षेत्रों में आए दिन जल संकट गहराएगा। इसी के विरोध में रांझी सिविल अस्पताल के सामने विरोध प्रदर्शन किया गया और निगम प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। नेता प्रतिपक्ष अमरीश मिश्रा ने कहा है कि इतने बडे प्रोजेक्ट में कोई भी जिम्मेदार अधिकारी कार्य किस तरीके से किया जा रहा है उसको बताने में असमर्थ है.

# चाकूबाजी का बदला लेने की थी मोनू की हत्या, चार गिरफ्तार

**जबलपुर, 2 जनवरी. सिविल लाइन थाना क्षेत्र में सोमवार रात्रि मांडवा बस्ती रामपुर निवासी मोनू झारिया 18 वर्ष पर चाकू-बका से ताबड़तोड़ वार कर हत्या करने वाले चार आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार लिया.**

जिसके बाद पुलिस उन्हें वहां ले गई जहां उन्होंने कत्ल की वारदात को अंजाम दिया था.आरोपियों को जुलूस निकालने के बाद उन्हें न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां से उन्हें जेल भेज दिया गया है.पूछताछ में यह बताया सामने आई मृतक ने पूर्व में आरोपी पर जानलेवा हमला किया था जिसका बदला लेने के लिए हत्या की साजिश रची थी.प्रकरण में तीन आरोपी अब भी फरार है जिनकी तलाश जारी है. अंधी हत्याकांड का खुलासा गुरूवार को अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर आयुष गुप्ता ने किया.

उन्होंने बताया कि बीते रविवार की रात्रि मोनू झारिया कांचघर में आशीष बघेल की दुकान में मिलने गया था. दोनों बातचीत कर रहे थे तभी दो मुंह बांधे चार लड ? आए.जिनमें से दो चाकू, बका लिए थे.जिन्होंने अचानक मोनू पर चाकू, बका से वार कर दिया था.हमले में कई जगह चोटें आ गई और वे खून से लथपथ होकर बेहोश होकर गिर गया था.

## कफ सिरप पीड़ित बच्चों के परिवारों से मिला अस्पताल प्रशासन

**परासिया.** 112 दिनों तक जिंदगी और मौत के बीच संघर्ष करने के बाद सकुशल लौटे कफ सिरप पीड़ित बच्चों के परिवारों से मिलने अस्पताल प्रशासन की टीम पहुंची. एसडीएम के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने प्रभावित बच्चों के घर जाकर उनका हालचाल जाना. टीम ने बच्चों को फ्रूट बास्केट और उपहार भेंट किए. साथ ही एएनएम और आशा कार्यकर्ताओं को नियमित स्वास्थ्य जांच और प्रतिदिन हेल्थ अपडेट देने के निर्देश दिए गए. बीएमओ डॉ. अंकित सहलाम द्वारा जाटाछापर निवासी कुणाल यादववंशी के घर पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण किया गया.

# स्कूल के आंगन में बार-बालाओं का डांस

### ग्राम परासरी में शासकीय मा. विद्यालय का मामला

**ग्वालियर 2 जनवरी. कभी सरकारी स्कूल बच्चों का भविष्य गढ़ते थे लेकिन शिक्षा विभाग के लगातार उदासीन रवैये से स्कूलों में बच्चे नहीं, अब सिर्फ शिक्षक रह गए हैं.**

स्कूलों के आंगनों में अब बार-बालाओं के अश्लील डांस के लिए मंच सज रहे हैं. ग्राम परासरी में शासकीय माध्यमिक विद्यालय में आर्केस्ट्रा पार्टी में डांसरों के लिए मंच सजा. पूरी रात फिल्मी व फूहड़ गानों पर बार-वालाओं ने नृत्य किया. स्कूल प्रांगण में मंच सजाने की अनुमति भी स्कूल स्टाफ ने ही दी. इससे पहले बुधवार की रात में फाग गायक राजेंद्र सिंह गुर्जर और रानी कुशवाहा के बीच लोकगीतों का मुकाबला भी इसी स्कूल में हुआ. यह ग्राम दतिया जिले की सीमा में आता है.



### प्राचार्य ने पंचायत पर डाली जिम्मेदारी, डीपीसी ने मांगा जवाब

**दतिया.** सरकारी स्कूल में महिला डांसरों के डांस का वीडियो वायरल होने के बाद शिक्षा विभाग में हड़कंप मच गया है. मामला परासरी गांव स्थित एक शासकीय मिडिल स्कूल का है. यह वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है. स्कूल के प्राचार्य बलवान सिंह ने सफाई दी है कि पंचायत सचिव रिंकू यादव और सरपंच नीलम परिहार ने कार्यक्रम की अनुमति ली थी. कार्यक्रम स्कूल की छुट्टी के बाद आयोजित किया गया था. न्यू ईयर सेलिब्रेशन के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम रखा गया था. डीपीसी राजेश शुक्ला ने बताया कि वीडियो उनके संज्ञान में आया है. प्राचार्य से लिखित स्पष्टीकरण मांगा गया है. उन्होंने कहा कि स्कूल परिसर में आयोजन तय नियमों के तहत ही हो सकता है. डीपीसी ने स्पष्ट किया कि जांच जारी है. यदि नियमों का उल्लंघन पाया गया, तो कार्रवाई होगी.

# टाइगर ने किया किसान पर हमला

**शिवपुरी, 2 जनवरी. शिवपुरी माधव टाइगर रिजर्व की सीमा से सटे डोंगर ग्राम पंचायत में निवास करने वाले एक किसान और मादा टाइगर ने आज सुबह 7 बजे हमला कर दिया. इस हमले में किसान बुरी तरह जख्मी हो गया है.**

उपचार के लिए उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है. बताया जा रहा है जब बाघ ने हमला किया था उस समय किसान खेत में शौच करने गया था. शिवपुरी जिले के सतनवाड़ा थाना सीमा में आने वाले डोगर गांव में निवास करने वाले 75 वर्षीय वृद्ध शिवलाल पाल आज सुबह 7 बजे खेत में शौच करने गए थे, उसी समय अचानक से माधव टाइगर की रिजर्व की मादा टाइगर एमटी-6 ने हमला कर दिया. जिस समय मादा टाइगर ने हमला किया था उस समय खेतों के आसपास अन्य लोग थे, हमला होते देख वह चीखने चिल्लाने लगे,जिससे मादा टाइगर भयभीत हो गई और भाग गई. घायल बुजुर्ग को तत्काल जिला मेडिकल कॉलेज के अस्पताल में भर्ती किया गया है. बताया जा रहा है कि मादा टाइगर ने बुजुर्ग को तीन जगह से घायल कर दिया है. मौके पर पहुंचे माधव टाइगर रिजर्व के अस्टिेंट डायरेक्टर ने बताया कि सुबह इस क्षेत्र में मादा टाइगर की मूवमैंट थी और ट्रेकिंग टीम उसे ट्रैक कर रही थी,लेकिन कोहरा घना होने के कारण ट्रेकिंग टीम उसे देख नहीं पा रही थी. हमें सूचना मिली थी कि मादा टाइगर ने एक बुजुर्ग पर हमला कर दिया है.



## अब तक जिले में 3 लाख 39 हजार टन धान की हुई खरीद

**रीवा, 2 जनवरी.** जिले में 96 खरीदी केन्द्रों में पंजीकृत किसानों से समर्थन मूल्य पर धान का उपार्जन किया जा रहा है. जिले में 2 जनवरी तक 55198 किसानों से 3 लाख 39 हजार 559 टन धान का उपार्जन किया जा चुका है. इस संबंध में अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने बताया कि अब तक 65043 किसानों ने उपार्जन के लिए स्लॉट बुक किए हैं. कुल खरीदे गए धान में से 2 लाख 39 हजार 472 टन धान का परिवहन करके सुरक्षित भण्डारण कराया जा चुका है. कुल खरीदी में से 3 लाख 16 हजार 760 टन धान परिवहन के लिए तैयार है. अब तक गोदाम स्तरीय खरीदी केन्द्रों में 95 प्रतिशत तथा समिति स्तरीय

# नेहरू तिराहे के पास संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत

### पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंपा गया

**सीधी. चुरहट बाजार में नेहरू तिराहे के पास एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है. मृतक की पहचान आशा रावत पिता छोटे लाल रावत, उम्र लगभग 40 वर्ष, निवासी खामौनिया खुर्द के रूप में हुई.**

मिली जानकारी के अनुसार मृतक रीवा में काम करता था और वहां से चुरहट आया था. आज शुक्रवार सुबह नेहरू तिराहे के पास उसका शव संदिग्ध अवस्था में मिला. घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 मौके पर पहुंची और थाना चुरहट पुलिस को सूचना दी गई. पुलिस द्वारा मौके पर पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई करते हुए शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भेजा गया, जहां पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूरी करने के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया. फिलहाल मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो पाए हैं.



पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया है. पुलिस का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट मिलने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा. घटना के बाद क्षेत्र में चर्चाओं का माहौल है.

### आयोजन — सांसद ने किया वार्ड 30 व 9 में 56 लाख के विकास कार्यो का भूमिपूजन

# शहर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

**ग्वालियर, 2 जनवरी. सांसद भारत सिंह कुशवाह ने आज शुक्रवार को ग्वालियर के वार्ड क्रमांक 30 स्थित टैगोर नगर की विभिन्न गलियों में 47 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सी.सी. सड़क निर्माण कार्य एवं वार्ड क्र. 9 के लधेड़ी में 9.23 लाख रूपये की लागत से बनने वाली केवट बगीचे की बाउंड्रीवॉल के निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया.**

इस अवसर पर सभापति मनोज तोमर, क्षेत्रीय पार्षद श्रीमती रेखा त्रिपाठी, श्रीमती अनीता रामू कुशवाह, पार्षद दीपक मांझी, सहित वरिष्ठ नागरिकगण उपस्थित रहें. सांसद भारत सिंह ने विकास कार्यों का भूमिपूजन किया और स्थानीयजन को संबोधित करते हुए कहा कि ग्वालियर के विकास में कोई कसर नहीं छोड़ने तथा ग्वालियर विकास के पथ पर सतत् अग्रसर शहर है. उन्होंने कहा कि शहर में लगातार विकास कार्य राज्य एवं केन्द्र सरकार द्वारा कराये जा रहे है. हम सभी का यही उद्देश्य है कि शहर के नागरिकों को सभी मूलभूत सुविधाएं मिले.



कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता रामेश्वर भदौरिया, पूर्व पार्षद सुशील वर्मा, डॉ संजय मेहरा, भरत दांतरे, विजय शुक्ला, रिंकू परमार, आर.एस धाकरे, अनिल चौहान, देवेंद्र कौरव, मनोज यादव, दिनेश शुक्ला, मुन्नालाल जाटव, शिशुपाल यादव, संदीप दंडोतिया, राजकुमार गुप्ता, मंडल अध्यक्ष महेश भदौरिया, भद्रकाली ट्रस्ट के अध्यक्ष देवेंद्र बाथम सहित स्थानीय रहवासी उपस्थित रहे.

# भाजपा लूटतंत्र पर चुनाव लड़ती है : फूलसिंह बरैया

**भिण्ड, 2 जनवरी. जिले की नगर परिषद मौ में पार्षद पद वार्ड क्रमांक 4 के लिए हो रहे उपचुनाव के लिए कांग्रेस प्रत्याशी गंगाश्री का नामांकन दाखिल कराने के लिए भांडेर विधायक फूलसिंह बरैया, गोहद विधायक केशव देसाई, ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल, पूर्व विधायक मदन सिंह कुशवाहा मुख्य रूप से मौजूद रहे.**

विधायक फूलसिंह बरैया ने कहा कि अभी हाल में पार्षद पद के लिए हुए उपचुनाव में मेहंगाव, लहार उपचुनाव में जिला प्रशासन की भूमिका पर नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ऐसा लग रहा था कि जैसे स्थानीय प्रशासन भाजपा का एजेंट बनकर काम रहा रहा हो,जबकि मेहंगाव में पार्षद पद के उपचुनाव में खुलेआम फर्जी तरीके से वोटिंग हुई इसके बावजूद भी जिला निवार्चन अधिकारी ने रिपोल नहीं कराया. बरैया ने कहा कि कांग्रेस जनमत पर और भाजपा लूटतंत्र पर चुनाव लड़ती है. उन्होंने स्पष्ट कहा कि अभी हो रहे उपचुनाव में भाजपा अथवा प्रशासन ने कोई गड़बड़ी की तो इसका परिणाम अच्छा नहीं होगा जिसकी जिम्मेदारी जिला प्रशासन की होगी. विधायक केशव देसाई ने कहा कि मौ चुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जनता का भरपूर सहयोग मिल रहा है. ग्रामीण कांग्रेस जिलाध्यक्ष रामशेष बघेल ने कहा कि मौ चुनाव में वोट लूटने नहीं दिया जाएगा. अगर भाजपा नेताओं ने कोई गड़बड़ी की तो कांग्रेस हर स्तर पर संघर्ष करने के लिए तैयार रहेगी.



## मां शारदा के दर्शन को उमड़ा जनसैलाब

**मैहर.** नववर्ष के प्रथम दिन माँ शारदा के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी.प्रधान पुजारी पवन पांडे ने तड़के सुबह 3 बजे मंदिर के गर्भगृह के पट खोले.इसके पश्चात माँ शारदा का विधिवत अभिषेक एवं श्रृंगार कर पूजा-अर्चना की गई, जिसके बाद दर्शनार्थियों के लिए दर्शन प्रारंभ हुए. भोर 2 बजे से ही सीढ़ी मार्ग पर श्रद्धालुओं का आगमन शुरू हो गया था.नए वर्ष के अवसर पर दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने माँ शारदा के दर्शन कर पुण्य लाभ प्राप्त किया. सुबह की शुरुआत घने कोहरे के साथ हुई, लेकिन जैसे-जैसे समय बीतता गया, आसमान में धूप निकल आई, जिससे श्रद्धालुओं को ठंड से राहत मिली.